## ग्राम विजहा में भर भरा कर जमीन पर गिरा स्कूल का छज्जा

**शहडोल देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के बच्चों के लिए शासकीय स्कूल ही शिक्षा का एकमात्र सहारा है। लेकिन जिले की अनेकों स्कूल ऐसी है जिनका भवन जर्जर और क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में ग्राम पंचायत बरहा टोला के ग्राम विजहा में




बीती रात एक स्कूल का छज्जा भर भरा कर जमीन पर गिर गया। गनीमत तो यह रही की घटना रात में हुई यदि दिन में स्कूल के वक्त यही हादसा होता तो बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में ग्राम पंचायत बरहा टोला के ग्राम विजहा में प्राथमिक स्कूल संचालित है। बताया जा रहा है कि इस स्कूल में लगभग 50 बच्चे अध्यनरत हैं। मंगलवार सुबह जब स्कूल खुली और शिक्षक व बच्चे स्कूल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि स्कूल भवन में सामने का छज्जा गिर कर नीचे जमीन पर फैला हुआ है। इसकी सूचना तत्काल ही ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव के साथ ही संकुल प्रभारी को दी गई जिसके बाद सभी मौके पर पहुंचे और इसका पंचनामा बनाया गया।

क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल ने बताया कि यह भवन लगभग 40 वर्ष पुराना है और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस भवन में बारिश का पानी भी भर रहा है, जिसके चलते स्कूल पढ़ाई के लिए स्कूल आने वाले बच्चों और शिक्षकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन और जिला प्रशासन से मांग की है, कि बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए इस भवन के बदले अब यहां नए भवन का निर्माण कराया जाए।

## गुरु पूर्णिमा पर साधु संतों व गुरुओं का होगा सम्मान : चपरा

**शहडोल, देशबन्धु।** गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले भर में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के प्रत्येक मंडलों में साधु संतों और गुरुओं का सम्मान सम्मान किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी शहडोल की जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने बताया कि पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साधु संतों और गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम किया जाना है।



उन्होंने बताया कि 10 जुलाई दिन गुरुवार को श्री गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिले के प्रत्येक मंडलों में साधु संतों गुरुओं का सम्मान किए जाने साथ ही शहडोल नगर के मोहन राम जानकी मंदिर, घरौला नाथ हनुमान मंदिर और कल्याणपुर हनुमान मंदिर में साधु संतु गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम किया जाएगा। साथ ही जिले व नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं अन्य जगहों में भी विभिन्न क्षेत्रों के गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम की तैयारी और आयोजन की देख रेख हेतु जिला स्तरीय टोली का गठन किया गया है। कार्यक्रम संयोजक के रूप में दौलत मनमानी एवं सह संयोजक रविकरण त्रिपाठी व पुष्पेंद्र पटेल को बनाया गया है।

## बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम को निकाली जागरुकता रैली

**पन्ना,देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के उद्देश्य से आज पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 17, रानीगंज, गोविन्द चौक, बल्देव चौक एवं गुरूद्वारा के पास से होते हुए वृहद जागरूकता रैली निकाली गई।

इस दौरान आमजनों से बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम की अपील की गई। साथ ही शिक्षा के महत्व के बारे में अवगत कराते हुए रैली के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा भिक्षा नहीं, शिक्षा दें के नारे भी लगाए गए। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी पन्ना शहरी किरण खरे, संरक्षण अधिकारी इन्द्रजीत अहिरवार, पर्यवेक्षक अंजली गुप्ता, शिवम अरजरिया, अमित नायक, नंदनी दीक्षित सहित विभागीय स्टॉफ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं भी उपस्थित रहीं।

उल्लेखनीय है कि किशोर न्याय बालकों के देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 की धारा 76 के तहत




किसी बालक से भीख मांगने अथवा मंगवाने पर 5 वर्ष के कारावास और एक लाख रूपए से दंडित करने का प्रावधान है। साथ ही किसी व्यक्ति द्वारा इस उद्देश्य से बालक को दिव्यांग करने पर 7 से 10 वर्ष के कारावास और 5 लाख रूपए जुर्माना का प्रावधान भी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जनसामान्य से भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए विभाग का सहयोग करने तथा इस संबंध में टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचित करने का आग्रह भी किया गया है।

### सार-समाचार

## पन्ना के सिल्वर वॉटरफॉल में डूबने से युवक की मौत, एक घंटे की तलाश के बाद मिला शव

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले के सिल्वर वॉटरफॉल में डूबने से मंगलवार को 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक बाइक धोने के लिए वॉटरफॉल गया था। तेज



बहाव में उसका पैर फिसल गया और वह गहराई में चला गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पवई थाना पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान पवई में रहने वाले धीरेंद्र सिंह राजपूत के रूप में हुई। युवक के गिरने पर मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पवई थाने को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर एसडीईआरएफ की टीम को बुलाया। एसडीईआरएफ की टीम ने दोपहर में तलाश शुरू की। टीम के प्रभारी सत्यपाल जैन के अनुसार, करीब एक घंटे बाद शव मिला।

## जंगली हाथी को रेडियो कॉलर पहनाकर करेंगे झुंड की निगरानी

### लोकेशन और मूवमेंट की मिलेगी जानकारी, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में नई पहल



**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक नई पहल की गई है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने पनपथा क्षेत्र में विचरण कर रहे हाथियों के एक झुंड से एक हाथी को चिह्नित किया है। इस हाथी को ट्रैंक्युलाइज कर रेडियो कॉलर पहनाई जाएगी।

यह कदम वन्यजीव प्रबंधन के लिए अहम है। हाथी अकसर जंगल से निकलकर आसपास के गांवों में पहुंच जाते हैं। इससे वन विभाग और ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रेडियो कॉलर की मदद से हाथियों के झुंड की लोकेशन और मूवमेंट की सटीक जानकारी मिल सकेगी।

टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा के अनुसार, हाथी को कॉलर पहनाने के बाद उसे वापस उसके झुंड में छोड़ दिया जाएगा। इस प्रक्रिया से मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही गांवों में होने वाले नुकसान को भी रोका जा सकेगा। यह काम चुनौतीपूर्ण है, लेकिन टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने इसे योजनाबद्ध तरीके से लागू किया है। इस पहल से न केवल हाथियों की निगरानी आसान होगी, बल्कि वन्यजीव संरक्षण को भी बल मिलेगा।

## माधव आदिवासी को 11.95 कैरेट वजन का मिला हीरा

**पन्ना,देशबन्धु।** हीरा खदान क्षेत्र कृष्णा कल्याणपुर (पटी) में अस्थाई अनुज्ञा पत्र पट्टाधारी एवं हीरापुर टपरियन निवासी माधव आदिवासी को आज 11.95 कैरेट वजन का हीरा प्राप्त हुआ। यह उज्जवल किस्म का है। हीरा अधिकारी रवि पटेल द्वारा इस संबंध में जानकारी दी गई।

## अतिवृष्टि एवं बाढ़ के दृष्टिगत पशुपालकों को प्रदान करें आवश्यक जानकारी

**पन्ना, देशबन्धु।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. एन.के. गुप्ता द्वारा समस्त ब्लॉक के विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारियों तथा पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ व खण्ड स्तरीय बा? नियत्रण प्रकोष्ठ के प्रभारियों को अतिवृष्टि एवं बा? की स्थिति निर्मित होने पर पूर्व में जारी एडवाइजरी अनुसार पशुपालकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बा? की पूर्व तैयारी के संबंध में जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने सहित अधिकारी-कर्मचारियों को अपने प्रभार की संस्था पर उपस्थित रहने के लिए भी निर्देशित किया गया है। बताया गया है कि सभी पशु संस्थाओं में पर्याप्त टीका और औषधियां उपलब्ध हैं। सभी क्षेत्राधिकारी टीकाकरण कार्य शीघ्र पूर्ण करें। अतिवृष्टि की स्थिति में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध रहेगा।

## बारिश से प्रभावितों को सहायता के लिए अध्यक्ष ने लिखा पत्र

**शहडोल, देशबन्धु।** शनिवार की रात्रि और रविवार को हुई भारी बारिश ने शहडोल शहर को पानी पानी कर दिया। शहर के अनेकों वार्डों में पानी लोगों के घरों के अंदर तक पहुंच गया। शहडोल नगर में हुई अतिवर्षा में प्रभावितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष घनश्याम दास जायसवाल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को एक पत्र लिखा है।



मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम दास जायसवाल ने उल्लेख किया है कि नगर पालिका परिषद शहडोल क्षेत्रान्तर्गत दिनांक

05-06 जुलाई की मध्यरात्रि एवं सुबह लगातार 6 से 8 घण्टे मुसलाधार बारिश हुई है, जिससे कारण नगर के कुछ वार्डो में प्रभावित गरीब आम जनमानस को अत्याधिक बारिश से काफी क्षति हुई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि नगर भ्रमण के दौरान ऐसे गरीब आम जनमानस द्वारा मौखिक रूप से आर्थिक सहायता के संबंध में निवेदन किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री जायसवाल ने पत्र में मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि उक्त के संबंध में प्रभावितों का सर्वे आदि कराकर यथोचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे आम जनमानस को हुई आर्थिक क्षति की पूर्ति हो सके।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर बीएलओ को नोटिस जारी

**पन्ना,देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में वर्तमान में विधानसभा स्तर पर समस्त बीएलओ को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत गत सोमवार को पवई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय अमानगंज में आयोजित प्रशिक्षण में बगैर सूचना एवं आवेदन के अनुपस्थित रहने पर शासकीय उ.मा. विद्यालय पगरा में पदस्थ एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 51 के बीएलओ सुखदेव प्रसाद अहिरवार तथा शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय अमानगंज में आयोजित प्रशिक्षण से अनुपस्थिति पर शासकीय हाईस्कूल रामपुर में पदस्थ एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 2 के बीएलओ स्वामीदीन चतुर्वेदी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अमानगंज ममता मिश्रा ने नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर संबंधित बीएलओ को स्वयं उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बूथ लेवल अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर दूरभाष पर भी संपर्क किया गया।

## एक बगिया मां के नाम पौधरोपण 15 अगस्त से

### प्रति 25 एकड़ पर एक कृषि सखी होगी नियुक्त

पन्ना,देशबन्धु। स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत एक बगिया मां के नाम परियोजना शुरू की गई है। इसके अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं की निजी भूमि पर फलोद्यान की बगिया विकसित की जाएगी। पहली बार होगा जब अत्याधुनिक तरीके से पौधरोपण का कार्य किया जाएगा। ऐप के माध्यम से हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इस संबंध में निर्देश भी जारी किए गए हैं।

एक बगिया मां के नाम परियोजना का लाभ लेने वाली आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह की महिला का चयन एक बगिया मां के नाम ऐप से किया जाएगा। मनरेगा परिषद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से ऐप का निर्माण किया गया है। अन्य किसी माध्यम से हितग्राही का चयन नहीं किया जाएगा। चयनित महिला हितग्राही के नाम पर भूमि नहीं होने की दशा में उस महिला के पति, पिता, ससुर और पुत्र की भूमि पर सहमति के आधार पर पौधरोपण किया जाएगा। एक बगिया मां के नाम परियोजना अंतर्गत समूह की महिलाओं के निजी जमीन पर फलदार पौधे लगाए जाएंगे, जो समूह की महिलाओं की आर्थिक तरक्की का आधार बनेंगे। परियोजना के अंतर्गत हितग्राहियों को पौधे, खाद और गड्ढे खोदने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए कटीले तार की फेंसिंग और सिंचाई के लिए 50 हजार लीटर का जल कुंड बनाने के लिए राशि प्रदान की जाएगी।

ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक प्रमोद शुक्ला ने बताया कि परियोजना अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक में न्यूनतम 100 हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। चयनित पात्र महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण महिलाओं को वर्ष में दो बार दिया जाएगा। एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत पौधरोपण के लिए जमीन का चयन वैज्ञानिक पद्धति (सिपरी सॉफ्टवेयर) के माध्यम से किया जाएगा। जमीन चिन्हित होने के बाद सॉफ्टवेयर से भूमि का परीक्षण किया जाएगा।

जलवायु के साथ ही किस जमीन पर कौन सा फलदार पौधा उपयुक्त है। पौधा कब और किस समय लगाया जाएगा। सिपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से यह पता लगाया जाएगा कि पौधों की सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का स्रोत कहां उपलब्ध है। जमीन के उपयोगी नहीं पाए जाने पर पौधरोपण का कार्य नहीं होगा। एक बगिया मां के नाम परियोजना का लाभ लेने के लिए चयनित हुई समूह की महिला के पास बगिया लगाने के लिए भूमि भी निर्धारित की गई है। चयनित महिला के पास न्यूनतम आधा एकड़ या अधिकतम एक एकड़ जमीन होना अनिवार्य है।

फलोद्यान की बगिया लगाने के लिए चयनित हितग्राहियों की सहायता के लिए कृषि सखी नियुक्त की जाएगी। ये कृषि सखी हितग्राहियों को खाद, पानी, कीटों की रोकथाम, जैविक खाद, जैविक कीटनाशक तैयार कराने और अंतर्वर्तीय फसलों की खेती के बारे में जानकारी देगी। प्रत्येक 25 एकड़ के फलदार पौधरोपण पर एक कृषि सखी नियुक्त होगी।

पौधरोपण का कार्य सही तरीके से हो रहा है या नहीं। पौधे कहां पर लगे हैं या नहीं। इसकी ड्रोन सेटेलाइट इमेज से निगरानी भी की जाएगी। पर्यवेक्षण के लिए अलग से एक डैश बोर्ड भी बनाया जाएगा। साथ ही प्रदर्शन के आधार पर प्रथम 3 जिले, 10 जनपद पंचायत एवं 25 ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।एक बगिया मां के नाम परियोजना के लिए पात्र महिला हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया 15 जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी।

## फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर कलेक्टर के नाम पर साइबर ठगी की कोशिश, पुलिस कर रही जांच

उमरिया, देशबन्धु। जिले में इन दिनों सोशल मीडिया पर एक फर्जी फेसबुक प्रोफाइल सक्रिय है, जो खुद को उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन आईएएस बताकर लोगों से संपर्क कर रही है। यह फर्जी आईडी आम लोगों को घरेलू सामान और इलेक्ट्रॉनिक आइटम सस्ते दामों में बेचने का झांसा देकर ठगी की कोशिश कर रही है।

इस फर्जी प्रोफाइल से कई नागरिकों को मैसेज भेजे जा चुके हैं, जिनमें यह दावा किया गया है कि कलेक्टर का एक मित्र जो कि सीआरपीएफ कैंप में पदस्थ है, ट्रांसफर के चलते अपने घरेलू सामान - जैसे कि फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बेहद कम दाम में बेच रहा है। फर्जी प्रोफाइल से भेजे गए मैसेज में लिखा गया- One my friend Sumit Kumar from CRPF Camp will be... I forwarded your number to him. He is selling his household furniture and electrical items second hand. All item good condition and price very cheap.

एक जैसे मैसेज दो अलग-अलग लोगों को भेजे गए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सुनियोजित तरीके से लोगों को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में जब असली कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन से बात की गई तो उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि उनका इस फर्जी फेसबुक अकाउंट से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे नाम और फोटो का दुरुपयोग करते हुए किसी ने यह फर्जी फेसबुक आईडी बनाई है। यह आईडी पूरी तरह से फर्जी है और इसके माध्यम से ठगी की कोशिश की जा रही है। मैं आम जनता से अपील करता हूं कि इस फर्जी अकाउंट से भेजी गई फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें और किसी भी प्रकार की लेन-देन में शामिल न हों।

कलेक्टर ने बताया कि इस फर्जीवाड़े को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया है और साइबर सेल को शिकायत दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि जल्द ही इस मामले की सच्चाई सामने आ जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक खुद कर रहे खेती, उमरिया में नंगे पैर ट्रैक्टर चलाया, खेत में फंसा ट्रैक्टर तो खुद निकाला

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ के विधायक शिवनारायण सिंह मंगलवार को अपने खेत में नंगे पैर ट्रैक्टर चलाते नजर आए। उन्होंने खेत में मताई का काम किया। विधायक के ट्रैक्टर चलाने का वीडियो मंगलवार को सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि एक जगह ट्रैक्टर फंस गया, लेकिन विधायक ने सावधानी से उसे निकाला और काम जारी रखा।

जिले में मंगलवार की सुबह बारिश रुकने के बाद किसान खेती के कामों में जुट गए हैं। शिवनारायण सिंह अपने क्षेत्र में जनसेवा और मित्रवत व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। वे आम लोगों के बीच जमीन पर बैठकर बात करते हैं। बस स्टैंड पर भी लोगों की समस्याएं सुनते हुए अक्सर दिखाई देते हैं। खेत में ट्रैक्टर चलाते हुए जनप्रतिनिधियों को देखना दुर्लभ है, लेकिन शिवनारायण सिंह ने यह कर दिखाया है।

## मेगा पेप टॉक ने एनटीपीसी विन्ध्याचल में सुरक्षा संस्कृति को किया सुदृढ़



**सिंगरौली, देशबन्धु।** सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से, एनटीपीसी विन्ध्याचल ने 7 जुलाई 2025 को एमजीआर कर्मचारियों के लिए एक भव्य मेगा पेप टॉक का आयोजन किया। यह पहल, कार्यस्थल को शून्य दुर्घटना क्षेत्र बनाने और सभी स्तरों पर सक्रिय सुरक्षा दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के लिए चलाए जा रहे सुरक्षा संवेदनशीलता अभियान का हिस्सा थी।

इस प्रेरणादायक सत्र का नेतृत्व परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा ने किया। उन्होंने कर्मचारियों को यह संदेश दिया कि सुरक्षा केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रत्येक कार्य में शामिल एक दैनिक प्रतिबद्धता होनी चाहिए। उनके साथ श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन) और डॉ. प्रतिमा महेन्द्रा, वरिष्ठ विशेषज्ञ एवं सीएमओ इंचार्ज (विन्ध्या चिकित्सालय) उपस्थित रही। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मिलकर कर्मचारियों से सतर्क, अनुशासित और एकजुट रहकर सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

सत्र की शुरुआत में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा एवं श्री राजशेखर पाला (प्रचालन) द्वारा हिंदी में सुरक्षा शपथ दिलाई गई, जिससे प्रत्येक कर्मचारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी और उच्च सुरक्षा मानकों के पालन की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

श्री मुकेश कश्यप, अपर महाप्रबंधक (एमजीआर) ने एमजीआर संचालन की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए कोयला परिवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तय प्रक्रियाओं के कठोर अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं श्री आशीष कुमार अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) ने कोयला हैंडलिंग सिस्टम से जुड़ी वास्तविक घटनाओं के उदाहरण प्रस्तुत किए और उनसे सीख लेकर खतरों को कम करने की प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा की।

इस कार्यक्रम की एक अनोखी विशेषता रही—मेडिकल टीम द्वारा मौसमी और व्यावसायिक स्वास्थ्य समस्याओं पर आयोजित एक जानकारीपूर्ण सत्र, जिसमें कर्मचारियों को अपनी शारीरिक सेहत की सुरक्षा के व्यावहारिक उपाय बताए गए।

सुरक्षा संदेश को रोचक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए चिकित्सालय स्टाफ द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसने कर्मचारियों पर सुरक्षा के महत्व की गहरी छाप छोड़ी।